## खबर संक्षेप

### सतना जिले में 13 अप्रैल को प्रातः 8 बजे तक 3.6 मिलीमीटर औसत दैनिक वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 13 अप्रैल 2025 तक 822.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि यह 13 अप्रैल को प्रातः 8 बजे तक 3.6 मिमी दैनिक औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 1231..3 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 553.8 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 807.2 मि.मी, बिरसिंहपुर में 977 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 576 मि.मी., नागौद में 1101.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 406.3 मि.मी. एवं उचेहरा में 927 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 670.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

**जिले में कल रात तेज आंधी और वर्षा से हुई क्षति का सर्वे करने निर्देश**

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने राजस्व अधिकारियों को जिले में कल रात्रि के समय तेज आंधी एवं वर्षा से हुई कृषकों की फसलों,मकानों,पशुधन आदि को संभावित रूप से क्षति का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व),तहसीलदार,नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर क्षति का त्वरित सर्वे करें तथा निर्धारित प्रारूप में आरबीसी 6 (4) के अंतर्गत क्षति का मूल्यांकन कर राहत की प्रक्रिया नियमानुसार सुनिश्चित करें। सभी पटवारी आज अनिवार्य अपने हलके में उपस्थित रहेंगे और रिपोर्ट बनायेंगे। एस डी एम सभी पटवारी की उपस्थिति जानकारी आज शाम 6 बजे तक देंगे।

### डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**सतना।** सामान्य प्रशासन विभाग ने 14 अप्रैल 2025 को डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। प्रदेश सरकार द्वारा यह अवकाश निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट के तहत घोषित किया गया है।

### समूह लोन के नाम पर की गई धोखाधड़ी

**कटनी।** लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं के साथ जालसाजी करने के मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र के दद्दा धाम स्थित एक स्माल फाइनेंस बैंक के कर्मचारियों ने समूह लोन के नाम पर 80 महिलाओं के साथ 19 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

**अवैध खदान में डूबने से हुई थी मौत,दूसरे दिन पोस्टमार्टम उसके बाद अंतिम संस्कार**

# रीछुल गांव में एक साथ जली तीन सगी बहनों की चिताएं

सतना। जसो थाना क्षेत्र के रीछुल गांव में सड़क निर्माण के लिये खोदे गये गड्ढे में शनिवार को डूबने से तीन सगी बहनों की दर्दनाक मौत के बाद तीनों शवो का पोस्टमार्टम रविवार की सुबह कराया गया। उसके बाद परिजनों को शव सौंपे गए। दोपहर 3 बजे तीनों सगी बहनों का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूरे गांव में मातम छाया रहा और बड़ी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि खदान के बगल में तीनों बहने खेल रही थी इसी दौरान एक पेड़ में आम तोड़ने के दौरान एक लड़की का पैर फिसल गया और वह खदान में चली गई जिसे बचाने के चक्कर में दो और बहने खदान में गिर गए जहां तीनों की मौत हो गई।



### जांच के तीन बिंदु

थाना प्रभारी रोहित के मुताबिक मृतक के परिजनों ने अवैध खदान के लिए सचिव सरपंच और ठेकेदार की मिली भगत होना बताया है और आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मर्ग इंटीमेशन में इन बिंदुओं को शामिल किया गया है। विभाग के प्रमुखों को पत्र भेजा जाएगा वहां से जानकारी आने के बाद जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।

### शवों को अस्पताल पहुंचाने एबुलेंस नहीं पहुंची

घटना स्थल पर एंबुलेंस नहीं पहुंची थी। एसडीएम जितेन्द्र वर्मा एवं टीआई रोहित यादव द्वारा आनन-फानन में अपने वाहनों से मृत मासूमों के शव अस्पताल की मर्चुरी तक पहुंचाये गये। एसडीएम एवं टीआई की मानवीय संवेदना की सभी सराहना कर रहे हैं। रीछुल निवासी राजकुमार चौरसिया की तीन बेटियां गौरी 8वर्ष और जुड़वा बेटियां तानिया तथा जान्हवी इस दर्दनाक हादसे का शिकार हुई हैं। पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह पिता काम के लिये चले गये थे। जबकि मां खेत चली गयी थी। बच्चियां घर के बाहर खेल रही थीं। खेलते-खेलते ये तीनों घटना स्थल पर पहुंच गयी और आम तोडऩे की कोशिश में एक लड़की गड्ढे में गिर गयी,जिसको बचाने दोनों बहनें कोशिश करने लगीं,वे भी हादसे का शिकार हो गयीं।

### शिकायत और आरोप

ग्रामीणों ने सरपंच सचिव के खिलाफ एसडीएम से शिकायत की है। आरोप है कि सरपंच सचिव और ठेकेदार के बीच मिलीभगत थी,जिसके कारण यह हादसा हुआ। बसी के पास से कई ट्रक मिट्टी निकाली गई थी,जिससे यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरपंच सचिव और ठेकेदार के खिलाफ सत कार्रवाई की जाए। कांग्रेस जिला महामंत्री एडवोकेट मुख्तार अहमद सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ सत कार्रवाई करने की भी मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

---

## ना कागज... ना हेलमेट... गाड़ी में लिखा राजस्व विभाग; पुलिस ने काटा चालान



**सतना।** चार पहिया हो या दो पहिया वाहन नंबर प्लेट में या तो लोग अपने गांव का नाम लिखेंगे,राजनीति में है तो पार्टी और पद का नाम लिखेंगे,या फिर बिरादरी का नाम लिखेंगे इतना ही नहीं सरकारी विभाग हो या प्राइवेट विभाग वहां पर वह काम करते हैं या नहीं विभाग का भी नाम लिखते हैं। ऐसी ही एक गाड़ी में राजस्व विभाग लिखा था। यातायात पुलिस सर्किट हाउस चौराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी। एक वाहन चालक को रुकवाया गया गाड़ी की कागज मांगे गए हेलमेट पूछा गया लेकिन मौके पर कुछ नहीं मिला। वाहन चालक काफी देर तक मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी से बहस करता रहा लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी और मनमानी करने वाले वाहन चालक का चालान काट दिया। महत्वपूर्ण बात यह है कि कई बार पुलिस को इसलिए भी परेशानी होती है कि लोग गलत होते हुए भी अपने आप को गलत नहीं बताते हैं और सारा दोस्त पुलिस पर मार देते हैं। गौरतलब है कि मौजूदा समय में पुलिस पूरे जिले में वाहनों की चेकिंग कर रही है। इस दौरान ओवरलोडिंग के अलावा वाहनों के कागज जाते जा रहे हैं।

### ऐसा था नजारा

सर्किट हाउस चौराहे पर यातायात पुलिस की चैकिंग लगी थी। इसी दौरान बहसबाजी हो गई। उप निरीक्षक पूनम रावत और टू व्हीलर के चालक बीच जमकर वार्तालाप होती रही। टू व्हीलर वाले का कहना है कि लाइसेंस मांगा तो नही था तो मोबाइल में आनलाइन मंगवाया और दिखाया पर पुलिस अब कह रही कि हेलमेट नहीं है और गाड़ी में नंबर प्लेट भी सही नहीं है। कुल मिलाकर पुलिस परेशान कर रही है। बाकी लोगों की गाड़ी नहीं पकड़ रही है। एक्टिवा गाड़ी है इस पर आगे एयरफोर्स लिखा है पीछे राजस्व लिखा है। टू व्हीलर वाले का यह भी कहना है की यूपी में ऐसा कानून नहीं है। धांधले बाजी चल रही है। इसमें एसआई पूनम रावत नाराज हो गई। बहरहाल पुलिस ने कार्रवाई की।

---

# ईसाई मिशनरी हास्टल में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बरा कला स्थित ईसाई मिशनरी के हॉस्टल की एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम किया घटना की जांच की जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हॉस्टल के कुछ लोग युवती को लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय सतना पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया।खबरों के मुताबिक असम से लड़की इंग्लिश सीखने सतना के बरा कला आई थी।ऐसा बरा कला चर्च के फादर का कहना है। वह यहां पर रहकर 6 साल से इंग्लिश सीख रही थी।

---

# देर रात कलेक्टर बंगले पहुंचे छात्र, हॉस्टल में खराब खाने को लेकर दिया धरना

**सतना।** अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के छात्रों ने खराब भोजन और प्रताड़ना के विरोध में कलेक्टर बंगले के बाहर धरना दिया। शनिवार रात 11 बजे 18 छात्र कलेक्टर बंगले पहुंचे। छात्रों का आरोप है कि छात्रावास अधीक्षक रामानंद कुशवाहा और कर्मचारी उन्हें दूषित भोजन दे रहे हैं। विरोध करने पर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। एमए बीएड के छात्र जितेंद्र दोहर ने बताया कि अधीक्षक मच्छरदानी और अन्य सामान कमरे में बंद रखते हैं।

### महिला कर्मचारियों पर धमकी देने का आरोप

छात्र राम प्रकाश ने महिला कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि महिला कर्मचारी बदसलूकी करती हैं। छात्रों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती हैं। यहां तक कि उनके हाथों से रोटी भी छीन लेती हैं। जांच करने पहुंचे एसडीएम वहीं एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया रविवार को पोस्ट मैट्रिक छात्रावास पहुंचे। उन्होंने छात्रावास का किचन,पानी की टंकी एवं साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। छात्रों से मुलाकात कर उन्हें समझाइश दी। एसडीएम ने बताया कि मुख्य समस्या अधीक्षक एवं कर्मचारियों के साथ छात्रों का समन्वय नहीं है। जांच के दौरान जो कमी पाई गई है उसे दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों की एक समिति भी बनाई जाएगी जो छात्रावास की समस्याओं की सीधी रिपोर्टिंग मुझ से करेगी। एसडीएम ने छात्रों की कलेक्टर से बात कराई और समझाने की कोशिश की।इसके पहले अधीक्षक को हटाया गया था गौरतलब है कि इससे पहले 28 मार्च को भी 40 आदिवासी छात्रावास के छात्रों ने इसी तरह की शिकायत की थी। तब तहसीलदार की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ था और आदिवासी छात्रावास के अधीक्षक को हटा दिया गया था।

---

**ऐसा लग रहा है कि मानो इस शहर का कोई माई-बाप नहीं!!**

# नगर निगम के अंदर करोड़ों का भ्रष्टाचार, कोई एफआईआर दर्ज नहीं: शिवा

**सतना।** युवा नेता और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे अनिल अग्रहरि शिव ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस करके नगर निगम को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा की आज स्थिति यह है कि दस हजार रुपये की मामूली सी चोरी में एफआईआर दर्ज हो जाती है,लेकिन नगर निगम के अंदर करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ इस पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकी। नारायण तालाब इस बात का उदाहरण है। भ्रष्टाचार के चलते मेड़ फूटी,लोगों का लाखों का नुकसान हुआ। लेकिन ठेका बदलने और गारंटी जब्त करने के अलावा कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। जनता से टैक्स लिया जाता है लेकिन उन्हें सुविधा कुछ भी नहीं दी जाती। सड़क नाली और पानी किस स्थिति में है हर कोई जानता है। नगर निगम के अंदर जो पार्क बनाये गए हैं। वह पार्क भी ठेके में देकर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में नाली गंदगी से पटी हुई हैं। मच्छरों के प्रकोप से बीमारी बढ़ रही है। नगर निगम प्रशासन की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और फॉगिंग मशीन का पता नहीं है। जिम्मेदार लोग इसे देख कर भी अनदेखा कर रहे हैं। मैं तो इस शहर की आमजनता के धैर्य को सलाम करता हूं जो इतना कुछ होता देखने के बाद भी आज तक मौन धारण किए हुए है।



### टूटी फूटी सड़क

आज जैसे ही आप अपने घर से निकलो तो सबसे पहले आपको गड्ढों के बीच टूटी फूटी हुई सड़क मिलेगी। ऐसा लग रहा है कि मानो इस शहर का कोई माई-बाप ही न हो। स्मार्ट सिटी की पालक संस्था सतना नगर पालिक निगम है। ऐसा नगर निगम जहां जिम्मेदार अधिकारियों की फौज है। ये अलग बात है कि यहां आधे से ज्यादा प्रभारी अधिकारी हैं,किसी भी अधिकारी की पदस्थापना उसकी योग्यता के अनुरूप नहीं है। हर कोई जुगाड से प्रभारी बन बैठा है। प्रदेश में हर विभाग में ट्रांसफर होते हैं लेकिन नगरनिगम के ये जिम्मेदार अधिकारी जिन्होंने सतना से ही नौकरी शुरू की थी और यहां से ही रिटायरमेंट प्राप्त करेंगे।

### लगभग 1000 करोड़ के विश्वस्तरीय प्रोजेक्ट्स

सतना की जनता को ठगा गया। प्रोजेक्ट्स ऐसे जो अखबारों और फाइलों में तो दिख रहे लेकिन शहर का आमजन चाह कर भी उन्हें महसूस नहीं कर पा रहा।सीवर प्रोजेक्ट के नाम पर शहर की जनता के साथ धोखा हुआ है। रोड रेस्टोरेशन के नाम पर महज लीपापोती की गई है। ठेका कंपनी ने निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ मिलकर करोड़ों के इस प्रोजेक्ट के नाम पर धोखाधड़ी की है। सतना शहर में रोड के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है। सतना शहर में करोड़ों की गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सतना शहर में सड़कों के घटिया निर्माण को लेकर नगर निगम से एक दर्जन से अधिक पार्षदों ने सामूहिक रूप से घटिया सड़क निर्माण का आरोप लगाते हुए इस पर रोक लगाने की बात कही। और तो और नगर निगम के अध्यक्ष पालन चतुर्वेदी की स्वयं सड़क पर उतर कर अपने ही प्रशासन के खिलाफ लिखा पढ़ी करनी पड़ी।

### घटिया काम और काबिल इंजीनियर

सड़क निर्माण की सबसे बड़ी निर्माण एजेंसी पीपीएस बिल्डर्स,जो लगभग 20 वार्डों में सड़क निर्माण का कार्य कर रही है,उसने नगर निगम के काबिल इंजीनियरों की देख देख में ऐसी घटिया रोज बनाई जो बनते ही टूटने लगी। साइकल ट्रैक लगभग 5.5 करोड़ की लागत से सतना शहर को विश्वस्तरीय साईकिल ट्रैक की सौगात प्राप्त हुई। अगर इस पूरे सायकल ट्रैक पर नजर डालें तो इसमें लगभग 100 स्थानों पर सायकल ट्रैक को काटता हुआ कट है।सतना स्मार्ट सिटी को अधिक से अधिक सुंदर दिखाने के लिए किए गए कार्य। अब ये बात तो सतना की आम जनता ही बता सकती है कि सतना शहर 1000 करोड़ खर्च होने के पहले अच्छा दिखता था या अब दिख रहा है। तकनीकी जानकारों की माने तो इस मद से शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर कुछ स्ट्रक्बर बनाए गए थे,वेलकम टू सतना,आई लव सतना। एक स्ट्रक्बर बिरला रोड में रामकुमार सुरेश कुमार की लकड़ी की टाल के सामने बनाया गया जो पूर्णतः अनुपयोगी है। सवाल यह है कि आखिर वहां इसका उपयोग करने जाएगा कौन। ऐसा ही कुछ निर्माण संतोषी माता चौराहे के पास किया गया है जो पूर्णतः अनुपयोगी है,वह मुख्य चौराहे की जगह है,वहां अगर चौड़ीकरण कर देते तो वहां की ट्रैफिक व्यवस्था अच्छी हो जाती और चौराहा अच्छा दिखता। ट्रैफिक सतना

स्मार्ट सिटी में सतना की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के नाम पर सबसे बड़े प्रोजेक्ट के रूप में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईटीएमएस बनाया गया। इस प्रोजेक्ट में 49.91 करोड़ रुपए खर्च किए गए। कोई दिन नहीं बीतता जब शहर के सबसे प्रमुख चौराहे सर्किट हाउस से ओवरब्रिज तक जाम न देखने को मिले। फिर चाहे वो स्टेशन रोड हो भरहुत नगर मोड हो या शहर के अन्य हिंसी कहीं जाम से राहत नहीं है। हां,करोड़ों के इस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से एक फायदा जरूर हुआ कि चौराहों में ट्रैफिक लाइट पालन न करने पर आपके घर ऑटोमेटिक चलान जरूर आने लगे हैं। चलान भी इसलिए क्योंकि इन ट्रैफिक सिग्नलों में अलग अलग दिशाओं से आने वालों के समय का सही संतुलन नहीं है,कहीं 15 सेकंड से है तो कहीं 45 सेकंड,एक बार में लोग चौराहा पार भी नहीं कर पाते और लाइट लाल हो जाती है और उपहार स्वरूप आपको घर बैठे चालान की कॉपी मिल जाती है। अब यहां सवाल यह उठता है कि जब तक ट्रैफिक सिग्नलों से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सहढ़ न हो जाए,तब तक ऐसी वसूली से आखिर किसकी जेब भरी जा रही है। ये प्रोजेक्ट सतना की जनता के लिए राहत कम आफत ज्यादा साबित हो रहा है।नेक्टर झील और अमौधा तालाब को प्राइवेट हाथों में सौंप दिया गया। संचालन संधारण की आड़ में करोड़ों की भारी भरकम राशि से बनाए गए ये प्रोजेक्ट्स अब आमजन के लिए सपना हो गए हैं।आमजन को यहां प्रवेश के भी पैसे देने पड़ रहे हैं। अब यहां सिर्फ पार्टियां होंगी। प्रापर्टी टैक्स को लेकर नया नियम आम जनता पर थोप दिया गया। उदाहरण के लिए यदि किसी व्यक्ति प्रापर्टी टैक्स मार्च 2025 की स्थिति में 10000 है और उसने एक अप्रैल 2025 को प्रापर्टी टैक्स जमा किया तो उसे सीधे 50 प्रतिशत का बोझ सहते हुए 15000 रुपये जमा करने पड़ेंगे। इस तरह से जनता पर भार डाला गया है,जो पूर्ण रूप से अव्यवहारिक है। सतना शहर अतिक्रमण से जूझ रहा है। अतिक्रमण शाखा का जिम्मा अंशुमान सिंह को दिया गया है। उनके गिरोह के लोग पहले अतिक्रमण करवाते हैं फिर कार्यवाई के नाम पर वसूली भी करते हैं। आज मुख्य बाजार से लेकर मुख्य मार्ग तक अतिक्रमण की भयावह स्थिति देखने को मिलती है। अतिक्रमण अधिकारी अंशुमान सिंह ने नगर निगम में रहते हुए भयानक भ्रष्टाचार किया है। यदि इसकी जांच की जाए तो आरटीओ के धनकुबेर आरक्षक सौरभ शर्मा से बड़ा घोटालेबाज निकलेगा।

---

# पवन मलिक के सिर सजा जीत का सेहरा

***कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश के महाकौशल, बघेलखंड एवं बुंदेलखंड अंचल से छतरपुर, खजुराहो एवं बड़ा मलहरा क्लब के अलावा लगभग 1000 सदस्य हुए शामिल***






संस्कारधानी जबलपुर शहर के एक निजी होटल में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस के माध्यम से लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिकट 3233-C का आगामी सत्र 2025-26 हेतु लॉयन पवन मलिक को डिस्ट्रिकट गवर्नर चुना गया। हालांकि संस्कारधानी जबलपुर के लॉयन भरत अग्रहरि एवं सतना से लॉयन पवन मलिक के बीच बड़ा ही रोचक मुकाबला हुआ जिसमें पवन मलिक ने अंतोगत्वा 19 मतों से जीत हासिल की। राजीव शुक्ला द्वारा दी गई जानकारी अनुसारलायंस क्लब डिस्ट्रिकट 3233-C जिसमें संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड व बघेलखंड के कुछ शहरों से लगभग 1000 लॉयन साथी संस्कारधानी में इस डिस्ट्रिकट कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित होने के लिए जबलपुर पधारे जिसमें छतरपुर, खजुराहो एवं बड़ामलहरा लायंस क्लब के सदस्य भी सम्मिलित हुए,संस्कारधानी जबलपुर के लायंस क्लब जबलपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लायंस क्लब जबलपुर की अध्यक्ष लायन अंकिता जैन, सचिव भूमिका पटेल एवं कोषाध्यक्ष मीता पोपट के द्वारा आयोजन को चार चांद लगाने हेतु सेवा परमो धर्म की भावना के साथ कार्यक्रम में आए हुए लायन साथियों के लिए विजिटिंग कार्ड स्पर्धा, हस्ताक्षर प्रतियोगिता, पिन एक्सचेंज प्रोग्राम, स्लोगन प्रतियोगिता तथा कपल फोटो प्रतियोगिता जैसे कई महत्वपूर्ण आयोजन किए गए ।दो दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिवस यानी 12 मार्च दिन शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर काउंसिल बैठक एवं चतुर्थ बैठक के आयोजन के साथ डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन सत्र एवं बिजनेस सेशन के साथ प्रारंभ हुआ, आयोजन में बैनर प्रेजेंटेशन, फेलोशिप एवं मनोरंजक गेम्स एवं रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें आए हुए लायन साथियों ने लायंस क्लब जबलपुर के द्वारा

इस आयोजन को आनंदम नाम जो दिया गया उसको चरितार्थ किया, कार्यक्रम में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जोधपुर से आए मल्टीपल चेयर काउंसिल पर्सन लायन संजीव जैन, लायन सत्येंद्र शर्मा, लायन शैलेश अग्रवाल लायन विजय अग्रवाल लायन रिपु दमन सिंह पुरसी, लायन बसंत मिश्रा के संबोधन मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे तो वहीं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सज्जी जॉन के द्वारा कैबिनेट की बैठक में आए मुख्य बिंदुओं को लेकर लॉयन मेंबरों को मंच के माध्यम से जानकारी प्रदान की, वही आज लायंस क्लब के इस निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर लॉयन बसंत मिश्रा ने मंच के माध्यम से सभी को चुनाव की रूपरेखा प्रस्तुत की ।लायन पवन मलिक की इस जीत के बाद उत्साह का माहौल देखा गया तथा ढोल नगाड़ों के साथ पवन मलिक को लोगों ने स्वागत करते हुए जीत की शुभकामनाएं प्रदान की, पवन मालिक ने अपनी जीत को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह लॉयन बाद के क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों की जीत है ।

---

# एकेएस की छात्रा मानसी दर्शन ने किया एनपीटीईएल ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स पूर्ण



**सतना।** एकेएसयू की फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की छात्रा मानसी दर्शन पिता सुधीर रावत ने एनपीटीईएल द्वारा संचालित बिज़नेस लॉ फॉर मैनेजर्स ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स मेरिट के साथ उत्तीर्ण कर यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है। मानसी ने बताया कि एनपीटीईएल का संक्षिप्त नाम नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एनहैंस्ड लर्निंग है,जो इंजीनियरिंग और विज्ञान में पाठ्यक्रम सामग्री बनाने के लिए सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी बॉम्बे,दिल्ली,गुवाहाटी,कानपुर,खड़ग पुर,मद्रास और रुड़की) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) द्वारा की गई पहल है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ ही फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के विभाग अध्यक्ष एवं एसोसिएट डीन डॉ.कौशिक मुखर्जी तथा समस्त संकाय सदस्यों ने मानसी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खबर संक्षेप**

## पन्ना टाइगर रिजर्व नर बाघ पी-243 आपसी संघर्ष में घायल



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र हिनौता अन्तर्गत स्वच्छंद रूप से नर बाघ पी-243, उम्र 10 वर्ष विचरण कर रहा है। लगभग 03 माह पूर्व आपसी संघर्ष में बाघ के सिर पर चोट लग जाने के कारण घाव निर्मित हुआ है, जिसका उपचार बाघ विशेषज्ञों की सलाह पर सतत रूप से वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, प०टा०रि० के द्वारा किया गया किन्तु उपचार से बहुत अधिक लाभ नही हुआ। अतः ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बाघ के स्कल में फ्रेक्चर है, जिस कारण से घाव ठीक नही रहा है। बाघ विशेषज्ञों के सतत सम्पर्क में रहते हुये बाघ का उपचार एवं प्रबंधन किया जा रहा है।

## जिला स्तरीय अम्बेडकर जयंती का भव्य आयोजन छत्रसाल पार्क में आज

**पन्ना।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संविधान निर्माता, देश के गौरव, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ कल 14 अप्रैल 2025 को सायं 05 बजे से स्थानीय छत्रसाल पार्क पन्ना में मनायी जायेगी। जिसमें बहुजन समाज बनाने की दिशा में अपना पूरा जीवन समर्पित करने वालीं डॉ. प्रीति और डॉ. पुष्पेन्द्र बहुजन द्वय समारोह के मुख्य अतिथि होंगे तो वहीं मंज़िल की जुस्तजू में कारवां रखने वाले, प्रतिष्ठित ख़्याति लब्ध साहित्यकार, प्रसिद्ध कवि तथा वरिष्ठ अधिमान्य पत्रकार चिन्तक लक्ष्मी नारायण चिरोलया (कोरी) कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कड़ी में जिला अम्बेडकर समीति पन्ना के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जाटव, सीनियर एडवोकेट पन्ना श्री रामलाल प्रजापति सहित श्री शैलेश विश्वकर्मा एडवोकेट समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। इस तारतम्य में अजाक्स अध्यक्ष श्री रामप्रताप प्रजापति, जसवंत सिंह, धरमू प्रसाद कुशवाहा, डॉ. अरविंद मंडेलिया, विनोद मौर्य, सहदेव प्रजापति, फुंदी लाल अहिरवार, विश्राम सिंह जाटव, आर. के. रवि, श्रीमती विमला अहिरवार, बसंत कोरी सहित सैकड़ों की संख्या में समारोह के आत्मीय सहयोगीजनों ने कार्यक्रम में भारी संख्या में ठीक समय पर उपस्थित होकर, एकता का परिचय देकर समारोह को सफल बनाने का आव्हान किया है।

## सिंचित भूमि पर असिंचित बनाया गया मुआवजा

**पन्ना।** सोनू रजक ने कलेक्टर को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि में कटरा का निवासी हूं मेरी ज़मीन सलेहा दतुनहा बाईपास 943 में विभिन्न आराजी नम्बर की अधिग्रहण की गई है मेरी सिंचित भूमि को असिंचित दर्शाया गया है मेरे आराजी नम्बर 688 पर कुआं है जो दर्शाया नहीं गया है मेरे पिता जी तीन भाई हैं जिनका अलग अलग बटवारा हो गया है व मेरे पिता भूमिहीन हो रहे हैं बंटवारा के अधार पर अलग अलग एवं सिंचित जमीन की राशि दी जाए मेरे द्वारा राज्स्व अधिकारियों को कई आवेदन दिए गए हैं आज तक कोई निराकरण नहीं किया गया आशा करता हूं आप मेरी मदद जरूर करेंगे।

## महुआ की बहार : महुआ का फल आज मौसम के हालात में जहां ग्रीष्म ऋतु में अलग ही महक से लेकर पौष्टिकता तक को लेकर जाना जाता है



महुआ का वृक्ष जो किसानों की आमदनी का जरिया ही माना जाता हैं वहीं इमारती लकड़ी में महुआ का मुकाबला किसी लकड़ी से नहीं हो सकता। वहीं पौष्टिक भोजन को लेकर महुआ का फल स्वास्थ्य वर्धक साथ ही गरमियों में महुआ के फल को जहां पकाकर दही के साथ खाने का अलग की आंनद वहीं मंहगाई के दौर में महुआ से ही आय के किसानों की मानी जाती हैं वहीं देशी शराब महुआ से ही बनाई जाती है। महुआ के कई गुण इस समय मौसम व ऋतु का फल महुआ अपनी बेजोड़ कई तरह से लाभकारी होने के कारण जाना जाता है। वहीं आदिवासियों का मुख्य भोजन इस समय चर्चा में रहता है।

पन्ना

महुआ की बहार कहें तो अतिश्योक्ति नहीं महुआ शरीर के लिए कितना लाभकारी है यह तो महुआ खाने वाले ही जान सकते है। महुआ की डुभरी जो वर्तमान ग्रीष्म ऋतु में दही के साथ खाने का आनंद अलग ही होता हैं। महुआ वैसे भी शरीर के स्वास्थ्य के मान से पौष्टिक आहार को लेकर जाना जाता है। उसी तरह महुये की इमारती लकड़ी का भी कोई मुकाबला नहीं। दूसरी लकड़ी से किसानों की जमीनों में महुये के वृक्ष की कीमत अलग ही जानी जाती है। महुआ से किसान की आय को लेकर पूर्व से ही जाना जाता हैं किसकी जमीन में कितने वृक्ष महुआ के है वह भी एक जमीन की तरह ही पहचान को लेकर सम्पन्नता से जोड़ा जाता हैं साथ ही महुआ जो इस समय अपने फल देने को लेकर प्रातःकाल से ही कह सकते है। लोग सुबह 4 बजे से महुए के पेड़ के नीचे बीनने के लिए पहुंचते है। कई पेड़ तो पूरे दिन फल टपकाता है जिसके कारण लोग महुए के नीचे ही इस सीजन में बैठे रहते है। ताकि महुए का फल जैसे ही गिरे उसको उठाने का कार्य किया जाता है। महुआ की बहार इस समय अजयगढ़ तहसील के नहर पट्टी देखते ही बनती है कहने को तो कैनाल उत्तरप्रदेश की जमीन मध्यप्रदेश की महुआ पर अधिकार भी उत्तरप्रदेश सरकार का बाखूबी महुआ के समय में ठेकेदार ठेका लेते है आम आदमी को फिर ठेकेदार पेड़ के मान से देने का कार्य करते है। मामला चाहे जो भी हो पर महुआ की बहार इस समय अलग ही



जानी जाती है। अब महुआ का वृक्ष वृक्षारोपण के दौरान कहीं नजर नहीं आता अब तो शो प्लांट का समय माना जाता है भले ही उस वृक्ष की उंचाई कितनी होगी फल क्या होगें यह पता नहीं इतना ही नहीं विकास कार्यों में मुख्य रूप से सड़को के निर्माण में वृक्ष काटे तो जाते है पर सड़कों के बनने के बाद कौन से वृक्ष लगाये जाते है यह भी बाखूबी देखा जा सकता है। अब महुआ जैसे पेड़ कहीं नहीं लगाये जाते। यह तो प्राचीन समय में बनी सड़कों के किनारे जरूर देखने को मिलते है। जो आये का साधन तथा लम्बे समय को लेकर अपने पहचान को लेकर महुआ जाना जाता हैं। निश्चितौर पर जंगलों में पहाड़ों में आग जब लगती है तो इसका एक कारण महुआ भी माना जाता है क्योंकि महुआ बीनने के लिए लोग महुआ के पेड़ के नीचे कई बार आग लगाकर सफाई का कार्य करते है। और यह भूल जाते है कि जंगल में आग लग जायेगी। उनकी चूक से जंगलो में आग लग जाती है। यह भी कई बार सामने आता है। महुआ का जंगल अगर वन क्षेत्र में बात करें तो कल्दा क्षेत्र में अलग ही जाना जाता है। महुआ आज भी गीष्म ऋतु के पौष्टिक प्रकृति प्रदत्त फल के रूप में हमारी शान है।

## जनप्रतिनिधि जो कार्य करते हैं जनता की सेवा में होते है, इनकी देखरेख की जिम्मेदारी जनता की बनती है-पूर्व मंत्री विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह

विगत दिवस विधानसभा अंतर्गत अजयगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत फरस्वाहा में जहां 98 लाख रूपये की लागत से विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण का कार्य ग्राम पंचायत फरस्वाहा पंचायत मुख्यालय में न होकर यह कार्यक्रम सरपंच की ग्रह ग्राम लायंचा में आयोजित किया गया। निश्चितौर पर सरपंच के द्वारा विकास कार्यों को जो अंजाम दिया गया जिसमें जनता की जिम्मेदारी की देखरेख को स्वयं पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह जी ने अपने उद्बोधन में बयां किया है। जो चर्चा में है।



**पन्ना।** आखिर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी विकास कार्यों जनता की सेवा को ध्यान में रखकर ईमानदारी से विकास का वादा निभाने को लेकर बयां किया गया हैं विगत दिवस ग्राम पंचायत फरस्वाहा अंतर्गत ग्राम लायंचा जहां स्वयं ही यह कार्यक्रम 98 लाख रूपये की लागत से विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण को लेकर बताया गया है। पर वास्तविकता में यह कार्यक्रम पंचायत मुख्यालय आयोजित सरपंच के द्वारा आयोजित नहीं किया गया। ग्राम फरस्वाहा के कई लोगों ने जहां इस बात को स्वयं ही चर्चाओ में बयां किया वहीं विकास कार्यों की बात करें तो कितने उपयोगी कार्य जनता की सेवा को ध्यान में रखकर किये गये जाते है यह तो विकास कार्य ही बयां करते है। आखिरकार विधायक के द्वारा स्वयं ही जहां जनप्रतिनिधि का दायित्व बयां करते हुए अपने उद्बोधन में जनता की सेवा को ध्यान में रखकर कार्य कराये जाने की बात कही है पर जनता ने अपनी जिम्मेदारी निर्माण कार्यों देखरेख को लेकर कितनी निभाई जिससे यह कार्य कितने उपयोगी साबित हुए। तथा विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जी की सोच विकास को लेकर जानी जाती है। पर सरपंच के द्वारा इस राशि को जनता के हित में विकास के कार्यों में किस मापदण्ड से उपायोग किया गया यह तो विकास कार्य ही बयां कर सकते है। वहीं इतने प्रयासों के बावजूद भी पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन न किया जाना ही चर्चा में है। आखिर पंचायत फरस्वाहा में 98 लाख रूपये की लागत से कौन-कौन से कार्य कराये गये इन कार्यों के बाद आम जनता में विधायक की कार्य प्रणाली को लेकर कितनी भावना जनता की विधायक के इन कार्यों से प्रशंसा के रूप में जानी जाये यह भी एक सवाल जुड़ा हुआ है। आखिर निश्चितौर पर कार्य स्वीकृत कराना स्वयं विधायक जी के द्वारा बयां किया गया है वहीं देखरेख जनता की जिम्मेदारी ही बयां कर दिया। अब तो जनता ही जिम्मेदार है कैसे कार्य जमीन पर किये जा रहे है। तथा जनता इसे किस नजरिये से मानती है। ग्राम फरस्वाहा में नाली साफ कराने को लेकर युवाओं के द्वारा दरकार की जा रही है। आखिर पंचायत के हालात अपने आप में चर्चा में।

## राधा रानी का प्रगटन उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया

पन्ना। मंदिरों की नगरी पन्ना में स्थित राधा रानी के मंदिर में राधा रानी का प्रगटन महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आज मंदिर में सुबह 8 बजे से ही जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई थी। दोपहर 12 बजे से जन्मोत्सव शुरू हुआ। एक दिन पूर्व से ही राधा रानी के मंदिर में जन्म उत्सव का माहौल दिख रहा था। मंदिर के पुजारियों द्वारा सर्वप्रथम मंदिर के गर्भ ग्रह में झीलना का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसके साथ ही जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गईं। सुगंधित केसर के जल व अन्य विशेष सामग्री के माध्यम से कार्यक्रम संपन्न किया गया।

### राधा रानी महारानी का किया गया विशेष श्रृंगार

विशेष श्रृंगार हीरा, मोती जड़ति सोने के आभूषणों से किया। सोने के सिंहासन में विराजमान राधा रानी महारानी का विशेष श्रृंगार हीरा, मोती जड़ति सोने के आभूषणों से किया। मंदिर में गरबा नृत्य, मटकी तोड़ कार्यक्रम के साथ- साथ बधाई गीत महिलाओं ने भजन गाए। जन्मोत्सव के समय महिला श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा दिखीं।



### मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है

राधा रानी के जन्मोत्सव मनाने के लिए सैकड़ों की संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ देश भर से श्रद्धालु पन्ना आते हैं। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है।

## जल संसद का आयोजन, जन सहभागिता से जल संरक्षण संभव

### ग्राम सभाओं का चरणबद्व आयोजन




**पन्ना।** 14 अप्रेल 2025 से जिले के समस्त ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन चरणबद्व होगा। यह अवसर जल पर गंभीरता से एवं ठोस परिणाम आधारित निर्णय लेने का भी है। गांव की सूनी हो चुकी पहाड़ी के संरक्षण, प्राकृतिक जलस्त्रोत,कुऑं बाउली के संरक्षण की साझा पहल करने का है। समर्थन संस्था जिले में लगभग 120 गांव में ग्राम सभा में जल मित्र पंचायत मित्र के माध्यम से सीधा हस्ताक्षेप करते हए ग्राम सभा में जल संसद का आयोजन करेगे। जल गंगा संवर्धन अभियान को जनआंदोलन बनाने से ही जिले में जल संकट को आने से वचाया जा सकता है। मझगॉंय एवं कगरेकावारा की बीरान पहाड़ी को हराभरा करने का संकल्प भी कल पारित किया जायेगा।

## स्वच्छता अभियान के साथ भाजपा ने की पखवाड़े की शुरूआत



**पन्ना।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडर जी की जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश पखवाड़े के रूप में मनाने जा रही है जिसकी शुरूआत 13 अप्रैल भाजपा नगर मंडल द्वारा पन्ना नगर के अम्बेडकर चौक में स्थित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा एवं स्थल की सफाई के साथ इस अभियान की शुरूआत की जिसमें पूर्व मंत्री पन्ना विधायक श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति मीना विष्णु पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संतोष यादव सहित नगर मंडल अध्यक्ष श्री कैलाश गुप्ता द्वारा अम्बेडकर प्रतिमा की साफ सफाई कर अभियान की शुरूयात की गई बता दें कि भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश पूरे प्रदेश में 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक बूथ-बूथ पर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पखवाड़े के रूप में मनाने जा रही है जिसमें 13 अप्रैल शाम को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ जग-मग रोशनी की जाएगी एवं परिसर की साज-सज्जा की जाएगी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की जन्म जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं मिष्ठान वितरण किया जाएगा साथ में प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा आंगनवाड़ी केन्द्रों और अनूसुचित जाति के बस्तियों एवं विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे एवं पार्टी के द्वारा जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा जिस तरह से कांग्रेस ने भारत के डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी को उनके जीवन के विभिन्ना पड़ावों पर अपमानित किया और भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें जो सम्मान दिया इस बात को देश के सभी लोगों में भली भांती जान ली है 13 अप्रैल के स्वच्छता अभियान में कार्यक्रम स्थल में पहुंचे पूर्व मंत्री व पन्ना विधायक श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के आदर्शों पर चलने एकमात्र पार्टी भारतीय जनता पार्टी है जो उनके सिद्धांतों और उनके किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचा रही है और समाज में अंतिम छौर पर खडे व्यक्ति को मुख्य धारा में भारतीय जनता पार्टी कर रही है और बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही है कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष बाबू लाल यादव जी जिला मंत्री कविता रैकवार, पूर्व जिला महामंत्री विनोद तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शशि परमार, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिंह परमार, मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा, पार्षद गणों में संगीता राय, राजकुमारी लोधी, ओपो मजूमदार, सविता चौबे, चंचल जैन, मनोज गुप्ता, मनोज सेन, चन्द्रप्रभा तिवारी, अल्पेश शर्मा, दीपेश व्यास, धर्मेन्द्र नामदेव, जीतेश गुप्ता, शशांक वर्मा, रत्नेश पटैरिया, उमेश खटीक, अनिल जड़िया, आशू जैन, रजनी साहू, उदय मिश्रा सहित मातृशक्ति वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता हुए शामिल।

## दीप प्रज्ज्वलितः भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया



**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मंडलअमानगंज भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर नगर की रेस्ट हाउस प्रांगण में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया रविवार शाम 7:00 बजे संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर उनके छवि चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया। साथ ही संविधान के निर्माण में उनके किये गए कार्य पर चर्चा करते हुए व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी,सारिका खटीक अध्यक्ष नप, दसरथ गुप्ता,रनमत राजा,रामू चौधरी, भूपत चौधरी, अरविंद चौधरी, मुकेश चौबे, प्रदीप अवस्थी,रवि, चौधरी, राजू चौधरी, विजय चौधरी,अमित चांदपुरीया, रामलाल लखेरा,लल्लूलाल रावत, शंकर, रिंटू राजा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पवई नगर में हनुमान जी की शोभा यात्रा में सड़क पर मिले मांस के टुकड़े

### कुछ देर बंद रही शोभायात्रा बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद परिषद कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन




**पवई।** विगत दिनों हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे देश में शोभायात्रा निकाली जा रही है ,इसी को लेकर पन्ना जिले के पवई नगर में भी विशाल शोभायात्रा जगदीश स्वामी मंदिर से प्रारभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकल रही थी ,जब शोभा यात्रा सीएम राइज विद्यालय के पास से गुजर रही थी तभी रास्ते में मांस के टुकड़े बीच सड़क में पड़े मिले जिससे शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने देखा और आपत्ति जताते हुए आक्रोश व्यक्त किया साथ ही शोभा यात्रा को रोक कर सड़क पर बैठ गए तभी थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी तहसीलदार प्रीति पंथी मौके पर पहुंची और नगर पंचायत से पानी टैंकर बुलवाकर नगर परिषद सफाई कर्मचारियों के सहयोग से साफ सफाई करवाई गई और आश्वासन दिया गया कि सुबह तक जिस किसी असमाजिक तत्व द्वारा यह कृत किया गया है कार्रवाई की जाएगी, तब कहीं जाकर आक्रोशित लोग माने साथ ही कड़े शव्दों में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने कहा कि सुबह आठ बजे तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो पवई नगर सहित पूरा जिला बंद आंदोलन किया जाएगा।

## चुनरी चढ़ाकर मां का आशीर्वाद या जनता के दिलों में बसाने की मंशा को लेकर चुनरी यात्रा चर्चा में

**पन्ना।** पवई विधानसभा जिले की अलग ही जानी जाती है। राजनैतिक गलियारे को लेकर। पवई विधानसभा में कई नेताओं की नजरे टिकी रहती है। विधानसभा के चुनाव का समय हो या कि वर्तमान हालात अगले चुनाव को लेकर। यहां विगत दिवस हनुमान जयंती के समय सिमरिया में अपने पिता का घर बताना वहीं स्वयं का जन्म सिमरिया से बताकर डॉ. अमित खरे एक बार फिर चुनरी यात्रा तथा मां को चुनरी चढ़ाने को लेकर चर्चा में है। स्वयं मीडिया से बयां कर रहे है कि एक बार जनता हमें दिल में बसाकर तो देखें। जिस तरह से हनुमान जी ने अपने सीने में भगवान राम व मां सीता को बसाया यहां चुनरी मां को चढ़ाई गई मां से आर्शीवाद के साथ-साथ जनता के दिल में बसाने के लिए भी बात कही जा रही है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि पवई विधानसभा में डॉ. अमित खरे जो पवई विधानसभा के लोगों को इलाज से लेकर समय-समय पर उनके बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द के साथ युवाओं के क्रिकेट मैच के आयोजन में भी भागीदारी बतौर मुख्य अतिथि व युवाओं को राशि प्रदान करने की बात हो जानी जाती है। इससे साफ जाहिर हो गया डॉ. अमित खरे ने विगत दिवस हनुमान जयंती के समय चुनरी यात्रा निकालकर जहां जनता के दिल में एक बार बसाकर देखने की बात कही है। इससे यह माना जा रहा है कि पवई विधानसभा में चुनाव की तैयारी को लेकर अमित खरे पूर्व से ही जुट पड़े है। तभी तो जनता के दिलों में अपने आप को बसाने की बात कह रहे है वहीं वर्तमान समय में सत्ता पक्ष भाजपा से विधायक प्रहलाद लोधी जिनका कंकाली माता में ही कुआंताल में ही प्रमुख अड्डा बना हुआ है। जो मां के आर्शीवाद से ही पवई विधानसभा का नेतृत्व दूसरी बार कर रहे है। यहां कांग्रेस के दिग्गज नेता मुकेश नायक को जहां पटकनी देने में जाने गये है वहीं मां के स्थान में विकास की दास्ता स्वयं ही प्रहलाद लोधी की कर्म स्थली के रूप में जानी जा रही है वहीं इस तरह का बयान मीडिया के समक्ष डॉ. अमित खरे का जो समाज सेवा के साथ-साथ अब सत्ता की राह की ओर मन बना रहे है।

## खबर संक्षेप



### कृष्ण जन्म की कथा में नाचे श्रद्धालु

**छतरपुर।** जिले के नौगांव नगर के समीप ग्राम वीरपुरा में 9 अप्रैल से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में जारी है। बीते रोज कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। कथावाचक आचार्य अशर्फीलाल गौतम के मुखारविंद से संगीतमयी कथा प्रवाहित हो रही है, जिसे सुनने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हो रहे हैं। कथा के मुख्य जजमान रमेश गंगेले ने बताया कि सुख, समृद्धि एवं पारिवारिक शांति की कामना को लेकर इस कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समापन 15 अप्रैल को हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ होगा।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव की शोभा यात्रा में नारी शक्ति ने किया अद्भुत प्रदर्शन



**बिजावर।** नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में धार्मिक उल्लास, आस्था और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जो धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत थीं। हिंदू युवा क्रांति दल नारी शक्ति बिजावर की बहनें विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्होंने करीब 200 से अधिक की संख्या में शोभायात्रा में सहभागिता कर शक्ति प्रदर्शन किया। बहनों ने भगवा ध्वज, हाथों में तलवारें और मुख पर जय सियाराम के नारों के साथ नगर भ्रमण किया। किसी ने महारानी लक्ष्मीबाई का स्वरूप धारण किया तो कोई मां दुर्गा के रूप में नजर आईं, जिससे पूरा नगर देवी शक्ति के दर्शन में लीन हो गया। नगर में निकली यह शोभायात्रा इतनी भव्य और प्रभावशाली रही कि पूरा बिजावर राममय हो गया। शोभायात्रा का आयोजन श्री राम सेवा कमेटी और नगरवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### बड़ा हादसा टला: क्षतिग्रस्त कुएँ में गिरे दो बैल

**एक घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी से सुरक्षित निकाले गए**



**बकस्वाहा।** नगर के वार्ड नंबर 10 में मोर्चा बाबा चबूतरे के पीछे स्थित एक क्षतिग्रस्त और खुले कुएँ में देर रात दो बैल लड़ते हुए गिर गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की त्वरित सूचना पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय दुबे, पत्रकार राजू दुबे सहित वार्डवासी मौके पर पहुँचे। तहसीलदार भरत पांडे के मार्गदर्शन और लकी राय की जेसीबी मशीन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बैलों को सुरक्षित कुएँ से बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान स्थानीय प्रशासन और वार्डवासियों की एकजुटता ने बड़ा हादसा होने से रोक लिया। घटना ने नगर में खुले और क्षतिग्रस्त कुओं की समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे सभी कुओं को तत्काल बंद किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस घटना ने प्रशासन के लिए एक चेतावनी का काम किया है, और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## द ग्रेट राजा मास्टर के अदाकारों ने खूब गुदगुदाया

# छतरपुर थियेटर फेस्टिवल के पूर्व रंग में अंशिका राजोतिया का हुआ गायन

छतरपुर

कस्बे के टेलर मास्टर टेलरिंग कंपनी छोड़कर क्षेत्र में फेमस होने के लिए एक ड्रामा कंपनी खोलने का मन बनाते हैं। कुछ अपनी दुकान के कारीगर और कुछ आस पड़ोस के लोगों को बटोरकर जैसे तैसे रिहर्सल की शुरुवात करते हैं। ये खबर सुनकर एक पत्रकार राजा मास्टर का इंटरव्यू लेने भी पहुंच जाते हैं और फिर ड्रामा के शो के दिन जो गड़बड़झाला होता है वो दर्शकों को बार बार ठहाके लगाने पर मजबूर कर देता है। आयोजन की दूसरी शाम नगर के शंखनाद नाट्य मंच के कलाकारों ने इस शानदार हास्य नाटक की प्रस्तुति दी।





### पारसी थियेटर स्टाइल के नाटक में नौटंकी शैली का संगीत रहा प्रभावी

पारसी थियेटर शैली के इस जबरदस्त हास्य नाटक में गीत संगीत के प्रभाव के लिए नौटंकी में इस्तेमाल किए जाने वाले नक्कारे का प्रयोग किया गया था जो इसे और भी बेहतर बनाता है।नाटक में राजा मास्टर अपने असिस्टेंट मुंशी दिले नादाँ के सहयोग से जैसे तैसे आस पड़ोस के लोगों को एक्टर बनाकर जोड़ता है लेकिन कुछ रिहर्सल के दौरान बिगड़ जाते हैं तो किसी को डायलॉग्स याद नहीं होते।मुश्किल से फाइनल शो का दिन आता है तो भी उद्घाटन वाले नेताजी,अनारकली के रोल वाली लड़की,सलीम का रोल करने वाला एक्टर ऐसे कई पात्र गायब हो जाते हैं। फिर राजा मास्टर तत्काल ही कुछ लोगों को ड्रेस पहनाकर और मेक अप करवाकर स्टेज पर भेजते हैं। फिर जो खेल शुरू होता है उससे पूरा नाटक मटियामेट हो जाता है अंत में नाटक खत्म करने के लिए वो सबको गोली मारने का आदेश सलीम बने दिलेनादा को देता है और फिर सब धराशाई हो जाते हैं वहीं जाते जाते अनारकली की अम्मा धमकाते हुए कह जाती है कि हमारी लड़की को बिगाड़ रहे हो,अभी पुलिस भेजती हूं। इसके साथ ही नाटक का पर्दा गिरता है।

### इनकलाकारों ने अपने अभिनय से खूब हंसाया

नीरज खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी नामक नौटंकी शैली के इस हास्य नाटक के लेखक दिनेश भारती हैं।नाटक में राजा मास्टर का मुख्य किरदार शहर के युवा शायर शबीह हाशमी ने निभाया तो वहीं उनके असिस्टेंट मुंशी दिले नादाँ की जबरदस्त भूमिका अभिदीप सुहाने ने की। नाटक में चंपाकली की अम्मा गुलाब देई की एंट्री भी जबरदस्त और खूंखार तरीके से होती है जिसे आकाशवाणी की आकस्मिक उद्घोषक सविता मिश्रा ने बखूबी अंजाम दिया। सिर्फ एक डायलॉग से पूरे नाटक का ध्यान आकर्षित करने वाले महंगुआ का रोल मानस गुप्ता ने किया और जमकर तालियां बटोरीं। अन्य प्रमुख भूमिकाओं में सिपाही राजेश कुशवाहा, पत्रकार अनिल कुशवाहा, सलीम निशांत वाल्मीकि, अनारकली माला सेन, चंपाकली प्रिया सेन और विद्युत व्यवस्था प्रद्युम्न राठौर ने बखूबी निभाई। संगत कलाकारों में हारमोनियम पर मुकेश वर्मा,नक्कारे पर रामाधार भारती और ढोलक पर सुरेश कुमार रहे। इस हास्य नाटक का निर्देशन शिवेन्द्र शुक्ला ने किया।नाटक की प्रस्तुति के पहले पूर्वरंग में शहर की गायिका अंशिका राजोतिया ने अपनी सुमधुर आवाज़ में सूफी गायन प्रस्तुत कर माहौल को ताजगी से भर दिया। गौरतलब है कि हाल ही में अंशिका ने मुंबई में आयोजित अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता में शिरकत कर भजन सम्राट अनूप जलोटा, तलत अज़ीज़,पीनाज मसानी को भी प्रभावित किया था और उन्हें पंकज उधास जूरी अवार्ड के लिए भी चुना गया था।

## विनय चौरसिया पुनः बने डीसीसीए के अध्यक्ष

# वार्षिक सभा की बैठक में मिली जिम्मेदारी, पिछला कार्यकाल सराहा गया

**छतरपुर।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन छतरपुर की जिम्मेदारी एक बार फिर खेल प्रतिभाओं के लिए समर्पित रहने वाली शख्सियत विनय चौरसिया को सौंपी गई है। बीते रोज नौगांव रोड के पेप्टेक टाउन स्थित डीसीसीए के कार्यालय में वार्षिक साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पुष्पेन्द्र सिंह ने की। इस बैठक में पिछले कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्होंने आगामी वर्ष के लिए पदाधिकारियों का ऐलान कर दिया।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पेप्टेक गुरप के डायरेक्टर विनय चौरसिया को पुनः डीसीसीए का अध्यक्ष और खेल प्रशिक्षक राजीव बिल्थरे को डीसीसीए का सचिव नियुक्त किया गया है।




### पिछले कार्यकाल में मिली कई उपलब्धियां

उल्लेखनीय है कि विनय चौरसिया और राजीव बिल्थरे की इसी टीम की अगुवाई में डीसीसीए ने अपने पिछले कार्यकाल में अनेक खेल प्रतिभाओं को शानदार मंच दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। इन्हीं के कार्यकाल में छतरपुर की बेटी क्रांति गौड़ को चैलेंजर ट्राफी इंडिया ई में चुना गया। इसके बाद डब्ल्यूपीएल यूपी वॉरियर टीम के लिए भी चुना गया। क्रांति ने सीनियर वीमंस टीम की ओर से रणजी ट्रॉफी और एमपी की वीमंस टीम में जगह बनाई। इसी तरह अण्डर 22 एमपी की टीम में रिया यादव, अण्डर 15 एमपी की टीम में निष्कर्ष सक्सेना एवं अण्डर 15 एमपी कैम्प के लिए भारती का चयन हुआ। अण्डर 13 से होकर सीनियर लेबिल तक लगभग 50 से अधिक खिलाड़ियों का डिवीजन में चयन हुआ। इसी तरह छतरपुर की टीम ने अण्डर 15, अण्डर 18, अण्डर 22 वनडे, सीनियर टी-20 में विजेता की ट्रॉफी जीतने में सफलता प्राप्त की।

# खजुराहो में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जी का प्रकटोत्सव



भजन कीर्तन के साथ नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

**खजुराहो।** पर्यटन नगरी खजुराहो में राम भक्त भगवान हनुमान जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर में जगह जगह हनुमान जी के पूजन के साथ सुन्दर कांड पाठ आयोजित किए गए। मुख्य समारोह भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन नगर के जैन मंदिर मार्ग स्थित गैल के बब्बाजू के नाम से विख्यात चंदेलकालीन हनुमान मंदिर में श्रद्धा, भक्तिभाव के आयोजित हुआ, जहां पर सुबह से ही पूरे दिन हनुमान जी की पूजा आराधना होती रही। शाम को यहीं से भगवान हनुमान की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो पुरानी बस्ती, स्कूल चौराहा, गांधी चौक, पुलिस थाना, बस स्टेंड, सनसेट व्यू, पश्चिमी मंदिर समूह, नंदी तिराहा होते हुए, गोल मार्केट होकर पुनः हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में धर्म ध्वज, पताका फहराते हुए, सीताराम संकीर्तन करते हुए, भगवान हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए भक्त चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान हनुमान की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभायात्रा का रैकवार समाज द्वारा पाहिल वाटिका तिराहे पर स्वागत किया गया। राज पेलेश द्वार पर पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की ओर से स्वागत किया गया। नंदी तिराहे पर जैन समाज द्वारा,राधारानी मार्केट में व्यापारी संघ द्वारा भव्य स्वागत किया गया साथ ही जगह जगह भगवान हनुमान की आरती उतारकर पूजन किया गया। इस अवसर आयोजन समिति के इंजीनियर ओमप्रकाश पटेल ने बताया कि नगर में हनुमान प्रकटोत्सव पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकालने की परंपरा की शुरुआत हुई है, जो पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक रही। उक्त समारोह सार्वजनिक सहयोग से आयोजित हुआ जो आगे और भी भव्य होगा। आयोजन में भगवान हनुमान के स्वरूप के साथ नप अध्यक्ष अरुण अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, एड.श्याम बाबू त्रिवेदी, मयंका गौतम, विश्व हिंदू परिषद के राजकुमार गंगेले, रिंकू अग्रवाल, संजीव शुक्ला, नरेश सोनी, आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में माताएं बहिनें और श्रद्धालुजन शामिल हुए।

# अवैध हथियारों के साथ बनाई रील, पुलिस ने दबोचा




**छतरपुर।** छतरपुर में सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने की मंशा से दो युवकों द्वारा अवैध हथियारों के साथ बनाई गई इंस्टाग्राम रील वायरल हुई है। रील में दो युवक हाथों में सिगरेट, तलवार और अवैध हथियार लहराते हुए नजर आ रहे है और वीडियो पर छतरपुर का नया डॉन मोंटी माफिया लिखा हुआ है। ओरछा रोड थाना पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी मोंटी सिंह चंदेल को अवैध कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि रील के जरिए डर और दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था, जिसे गंभीरता से लेते हुए आवश्यक धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई है। पुलिस अन्य युवकों की भी जांच कर रही है, जो वीडियो में शामिल थे।

# पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों के डीजे संचालकों की ली बैठक

**क्षेत्र में भ्रमण कर किया जा रहा जनसंवाद**

**छतरपुर।** अंबेडकर जयंती पर शांति, सुरक्षा, यातायात एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए छतरपुर पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल एवं चल समारोह मार्ग का निरीक्षण किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजकों से जानकारी एकत्र की जा रही है। आयोजनकर्ता एवं डीजे संचालकों की उपस्थिति में जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत बैठक आयोजित की जा रही हैं। अपील की जा रही है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की छतरपुर पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है अनावश्यक आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट ना डालें, टिप्पणी न करें ना ही कोई प्रतिक्रिया करें। चल समारोह कार्यक्रम के दौरान आकस्मिक सेवा, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस वाहन एवं उपचार हेतु जा रहे लोगों को प्राथमिकता दें। डीजे संचालक अनावश्यक आपत्तिजनक कोई गाना स्लोगन इत्यादि ना चलाएं। निर्धारित समय एवं ध्वनि में ही बजाए। जानकारी या शिकायत हेतु पुलिस हेल्पलाइन नंबर 7049101021 एवं आकस्मिक पुलिस सेवा नंबर 100/112 पर संपर्क करें। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हो शांति, सुरक्षा, कानून एवं यातायात व्यवस्था ड्यूटी में बल तैनात है। संदिग्ध, संदेहियों, अराजक एवं असामाजिक तत्वों, अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की निगरानी हेतु आवश्यक प्रबंध किया गया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम से नजर रखी जा रही है, क्षेत्र में सीसीटीवी कंट्रोल मोबाइल भ्रमण पर है। पुलिस अधिकृत सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरा, डीएसएलआर कैमरा टीम पुलिस के साथ में है।



# जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण छतरपुर जिले में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से लगाई रोक

**आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कार्यवाही**
**किसान भाईयों से अपील खेतों में आग नहीं लगाएं**

छतरपुर। जिले में रबी मौसम की फसल (गेहूं, चना, मसूर, सरसों) की कटाई के पश्चात बहुसंख्यक कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर गेहूं, चना, मसूर, सरसों के डंठलों को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है। नरवाई में आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ता है। नरवाई में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं घटित हुई तथा व्यापक संपत्ति की हानि हुई है। खेतों में नरवाई में आग लगाने से आग के अनियंत्रित होने पर जनसंपत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीवजन्तु आदि नष्ट होते है।

जिले में कई कृषकों द्वारा रोटावेटर से व अन्य साधनों से गेहूं के डंठल खेत से हटाने हेतु साधन अपनाये जाने लगे है। नरवाई में आग लगाने से अन्य किसानों की फसलों एवं जनहानि होने की पूर्ण संभावना होती है इसलिए जिले में इस पर नियंत्रण किये जाने की नितांत आवश्यक होने पर जिला मजिस्ट्रेट पार्थ जैसवाल ने आदेश जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से नरवाई जलाने पर रोक लगाई है।

जारी आदेश में कहा गया कि। उपरोक्त परिस्थितियों मे जन सामान्य के हित, सार्वजनिक सम्पत्ति, पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था को बनाये रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 (1) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिला छतरपुर की सम्पूर्ण राजस्व सीमा के खेतों में गेहूं, चना, मसूर, सरसो के डंठलों (नरवाई) में आग लगाया जाना प्रतिबंधित किया जाता हैं। फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले प्रत्येक कंबाईन हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने हेतु स्ट्रा रीपर अनिवार्य रूप से रखा जाये या कम्बाइंड हार्वेस्टर में स्ट्रा मैंनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य किया जाना उचित है। जिले में चलने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर/स्ट्रा मैंनेजमेंट सिस्टम की सतत निगरानी जिला परिवहन अधिकारी द्वारा की जाएगी। बिना स्ट्रा रीपर/स्ट्रा मैंनेजमेट सिस्टम के कम्बाइन्ड हार्वेस्टर बलाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया गया है। एक पक्षीय कार्यवाही से व्यथित कोई भी व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 धारा-163(5) के अंतर्गत इस आदेश के विरुद्ध अपना पक्ष/अपत्ति या आपत्ति या आवेदन कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। साथ ही जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा समस्त तहसीलदार कार्यालय, थाना प्रभारी कार्यालय / ग्रामीण / शहरी निकायों के समक्ष अधिकारी अपने अपने कार्यालयों के सूचना पटल पर यह आदेश प्रदर्शित कर सामान्यजन एवं संबंधितों को आदेश की जानकारी प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है।उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डनीय होगा।



## पेट्रोल पंप के पास लगे सीएनजी गैस सेंटर से लीकेज, चारों तरफ अफरा तफरी का माहौल सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्ता पेट्रोल पम्प के पास की घटना

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत झिरिया के समीप संचालित गुप्ता पेट्रोल पंप के आसपास उस वक्त हड़कंप की स्थित निर्मित हो गई जब वहां से गुजर रहे लोगों को गैस की दुर्गंध आने लगी। इसी दौरान पता चला कि गुप्ता पेट्रोल पंप में लगे हुए सीएनजी गैस में लीकेज हो गया है जिसके वजह से यह दुर्गंध फैली हुई है। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात को कुछ समय के लिए रोका, बता दे गुप्ता पेट्रोल पंप में सीएनजी गैस की टंकी लगी हुई है। उसमें वाहनों को सीएनजी उपलब्ध करवाई जाती है। शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे अचानक टंकी से गैस का रिसाव शुरू हो गया। इससे आसपास सीएनजी गैस की गंध फैल गई। यह देखकर स्थानीय लोग दहशत में आ गए। टंकी से काफी मात्रा में गैस निकल रही थी, सूचना पर मौके पर पहुंची कंपनी की टेक्निकल टीम ने सीएनजी गैस के लीकेज को बंद कर सुधार कार्य शुरू कर दिया है। जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना थी। पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। तत्काल आसपास के इलाके को खाली कराया गया और वाहनों को दूसरे मार्ग पर डायवर्ट किया गया। वही स्थिति को देखते हुए पुलिस ने दमकल को भी बुला लिया गया, ताकि किसी तरह का हादसा होने पर तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि टेक्निकल टीम ने मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य किया जिसके बाद लीकेज बंद हो गया।

## दीवार लेखन के माध्यम से दिया जा रहा जल संरक्षण का संदेश




**रीवा ।** जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रत्येक आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण के निर्माण कार्यों के साथ-साथ लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस संबंध में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर स्वैच्छिक संस्थाएं दीवार लेखन के माध्यम से जल सरंक्षण का संदेश दे रही हैं। विकासखण्ड जवा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। अन्य विकासखण्डों में भी सामाजिक संस्थाएं अलग-अलग माध्यमों से जल संरक्षण के संदेश दे रही हैं। नवांकुर संस्था सितलहा द्वारा दीवार लेखन करके लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**रीवा ।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों के साथ ही आम लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले के ग्राम अटरिया में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवांकुर स्वैच्छिक संस्था सर्वोदय विन्ध्य विकास समिति द्वारा आयोजित जल संवाद कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक अमित अवस्थी ने ग्रामजनों को जल संरक्षण, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा उपस्थित जनों से जल संरक्षण के कार्यों में सहभागिता की अपेक्षा की।

## पंचायतों की नल जल योजनाओं के नलकूपों एवं हैण्डपंपों में रिचार्ज के लिए सोकपिट निर्माण करायें

# पेयजल की समस्या के समुचित समाधान के सभी प्रयास करें - सांसद

रीवा।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्र मनगवां और त्योंथर में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि जिले में पेयजल की समस्या में समुचित समाधान के सभी प्रयास किये जाय। विभागीय अधिकारी पंचायतों से समन्वय बनाकर प्रत्येक गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था करायें। खराब हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नल जल योजनाओं में सुधार के कार्य प्राथमिकता से किये जाय। किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या होने पर तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पंचायतों की नल जल योजनाओं के नलकूपों व हैण्डपंपों में रिचार्ज के लिए सोकपिट का निर्माण भी कराया जाय। सांसद ने कहा कि जल स्तर घटने तथा अन्य कारणों से ग्रामीण क्षेत्रों व कस्बों में पेयजल आपूर्ति में कठिनाई आ रही है। गर्मी बढ़ने के साथ यह समस्या और भी बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में पूर्व से ही इन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने कहा कि जल निगम द्वारा जहां पाइप लाइन डाल दी गयी है वहां वैकल्पिक तौर पर पीएचई के जल स्त्रोत से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करायी जाय। लालगांव कस्बे सहित अन्य पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों में जल आपूर्ति की व्यवस्था योजना बनाकर करायें। उन्होंने कहा कि शासकीय बोरवेल व हैण्डपंपों को यदि किसी अशासकीय व्यक्ति द्वारा अतिक्रमित कर लिये जाने की शिकायत प्राप्त हो तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करायें। नल जल योजनाओं की यदि मोटर जल गई हो तो उसे 24 घण्टे में बदलकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करायें।

बैठक में त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन योजना के तहत ग्रामीण नल जल योजनाओं के बोरवेल व हैण्डपंपों में सोकपिट बन जाने से भूजल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जल निगम हर घर जल योजना का क्रियान्वयन तत्परता से करें ताकि गांव में अंतिम छोर तक के घर को निर्बाध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने त्योंथर क्षेत्र में सुधारे गये हैण्डपंप की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि पीएचई व जल निगम की भूमिका जल आपूर्ति में प्रमुख है। विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ताकि कहीं भी पानी की समस्या न आयें। उन्होंने त्योंथर, चाकघाट सहित रायपुर सोनौरी अंचल में पेयजल आपूर्ति की विस्तार से समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि बंद व गिरे-पटे बोरवेल की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाय। अनुपयोगी टंकियों का चिन्हांकन कर निष्पादित किये जाने की कार्यवाही करायी जाय। उन्होंने बाल्ब आपरेटर को मासिक पारिश्रमिक का भुगतान समय पर किये जाने की अपेक्षा की। विधायक ने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाह उपयंत्रियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर भरकर रखने के निर्देश दिए गए हैं। नलजल योजनाओं के संचालन तथा खराब हैण्डपंपों के सुधार के लिए जनपद पंचायत पीएचई विभाग के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रहा है। 15वें वित्त आयोग की राशि से भी पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी है। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि रीवा जिले में 21622 हैण्डपंप स्थापित हैं। इनमें से वर्तमान में 2430 बंद हैं। जल स्तर घटने के कारण 1172 हैण्डपंप बंद हैं। इनमें राइजर पाइप और सिंगल फेज मोटर लगाकर पेयजल की आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में 343 एकल नलजल योजनाएं हैं। इनमें से 293 से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। शेष बंद नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों के सहयोग से विभागीय संविदाकार चालू करने का प्रयास कर रहे हैं। जिले में 195 नलजल योजनाएं ग्राम पंचायतों द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। पेयजल व्यवस्था के निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्टेड किया गया है। बैठक में जल जीवन मिशन के जल प्रबंधक चित्रांशु ने बताया कि कंदैला समूह नलजल योजना से सौ से अधिक गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। नलजल योजनाओं का 10 वर्षों तक रखरखाव इसे बनाने वाले ठेकेदार करेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सीईओ जवा राहुल पाण्डेय, प्रभारी सीईओ गंगेव, प्रभारी सीईओ रीवा, कार्यपालन यंत्री मैकेनिकल डीएल कनेल तथा सभी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने गड़रा कांड की सीबीआई जांच की मांग उठाई, पूर्व विधायक ने प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

रीवा




मऊगंज जिले के गडरा गांव में हुये हृदयविदारक घटना में एएसआई सहित युवक की मौत का मामला प्रदेश सहित देशभर में छाया रहा। महीने के भीतर पिता सहित दो मासूमों को घर के अंदर फांसी के फंदे में मिली लाश के बाद माहौल विकट स्थिति में आ गया। गांव की जनता पुलिस के ऊपर प्रताणना, मानसिक भय पैदा करने का आरोप लगाया। इस पूरे मामले को लेकर मऊगंज के पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना मुखरित रहे और पूरे घटना के पीछे की सत्यता को लेकर सीबीआई जांच की मांग करते रहे। हालांकि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी आश्वासन का लेप लगाकर माहौल को शांत कर दिये हैं लेकिन लोगों के अंदर अभी भी डर का माहौल बना हुआ है। पूर्व विधायक सुखेन्द्र बन्ना कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर गड़रा काण्ड की जांच सीबीआई से कराने की बात रखी। जिसको लेकर जीतू पटवारी ने 12 अप्रैल 25 को सचिव गृह मंत्रालय दिल्ली के नाम पत्र लिखकर गड़रा गांव में हुई विभिन्न घटनाओं की जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध किया। उन्होंने पत्र में लिखा कि सुखेन्द्र सिंह बन्ना पूर्व विधायक मऊगंज का आवेदन पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु मूलतः संलग्न प्रेषित है। आवेदक ने पत्र में बिन्दुवार उल्लेख किया है कि मप्र के मऊगंज जिला अंतर्गत ग्राम गढ़रा गांव में 19 जुलाई 2024 से अब तक हुए समस्त घटनाओं हत्या, आत्माहत्या, पलायन, प्रशासन द्वारा जेल भेजे गये, लापता व्यक्तियों (महिला/पुरुषों) को लेकर आम जनमानस एवं पूर्व विधायक द्वारा उक्त घटनाओं की सीबीआई से जाँच कराने की मांग हेतु निवेदन किया गया है। मेरा आपसे आग्रह है कि मऊगंज में हुए घटनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत हो, उक्त घटनाओं की सी.बी.आई. से जांच कराने का कष्ट करें, ताकि भविष्णा में ऐसी घटनाओं का पुर्नसवृति न हो।

## प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने अपने पति पर कराया हमला, हालत गंभीर, घायल पति का संजय गांधी अस्पताल में चल रहा उपचार



**रीवा।** सीधी जिले में अपने प्रेमी के साथ मिलकर एक पत्नी ने पति के ऊपर जानलेवा हमला कराने का आरोप लगा है,घटना के बाद घायल पति को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पति के शरीर पर चाकू से एक दर्जन से अधिक हमले किए गए, इसके बाद भी जब जी नहीं भरा तो गाड़ी चढ़ाकर उसे मारने का प्रयास किया गया। घटना सीधी जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत बाईपास के पास सब्जी मंडी की बताई जा रही है। परिजनों ने आरोप लगाया कि घायल रहीस साकेत की पत्नी फोन पर अपने आशिक से बात किया करती थी। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच हमेशा विवाद होता था। बताया गया कि शादी के अभी 2 वर्ष भी पूरे नहीं हुए थे कि पति-पत्नी के रिश्तों में दरार आने लगी। रहीस साकेत के परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम रईस सब्जी लेने के लिए हॉट बाजार गया था, तभी पत्नी क्रांति ने साजिश रचते हुए पति पर हमला करा दिया। पहले रईस साकेत के शरीर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले किए गए, इसके बाद लोडर वाहन चढ़ाकर उसे मारने का प्रयास किया गया। फिलहाल गंभीर हालत में रईस साकेत को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां आईसीयू वार्ड में उसका इलाज चल रहा है इधर घटना के बाद से पत्नी अपने पति को देखने तक नहीं आई। फिलहाल घटना की शिकायत परिजनों के द्वारा संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## बारातियों से भरी पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, दर्जन घायल, समान थाना क्षेत्र अंतर्गत कोष्टा के पास हुआ हादसा



**रीवा ।** जिले में बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें बारातियों से भरी एक पिकअप गाड़ी को तेज़ रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के कोष्टा गांव के पास हुआ। इस दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन में बारात के लोग सवार थे और वे विवाह समारोह से लौट रहे थे। कोष्टा के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप को ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि ट्रक भी पलट गया और पिकअप गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। अन्य घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। कुछ लोगों की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिनका इलाज संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार, ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया । हादसे की प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को कारण माना जा रहा है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। मामला दर्ज कर जांच जारी है।

## इलाज के दौरान महिला की मौत पर नर्सिंग होम में हंगामा, आक्रोशित परिजनों ने की तोड़फोड़, पुलिस ने मामले को कराया शांत



**रीवा ।** शहर के एक निजी नर्सिंग होम में पैर का ऑपरेशन करने के दौरान महिला की मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजनों ने नर्सिंग होम में हंगामा शुरू कर दिया, तोड़फोड़ की और विरोध जताया। परिजन डॉक्टर पर मामला दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन समझाइश देकर मामले को शांत कराया। मामला समान थाना क्षेत्र के प्राइवेट नर्सिंग होम सेंगर ड्रामा सेंटर का है। सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला की रहने वाली सविता वर्मा का कुछ दिनों पहले एक्सीडेंट हो गया था, एक्सीडेंट के बाद इलाज के लिए संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। डॉक्टर्स उपचार कर रहे थे लेकिन इसी बीच परिजनों डिस्चार्ज कराकर सेंगर ड्रामा सेंटर में शिफ्ट करा दिया।

नर्सिंग होम में फैक्चर पैर का ऑपरेशन करने की सलाह दी गई थी, यहां डॉक्टर ने ऑपरेशन किया लेकिन कुछ घंटे बाद ही महिला की तबियत बिगड़ गई। उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी, डॉक्टर दूसरे हॉस्पिटल में शिफ्ट करने की तैयारी कर रहे थे इससे पहले ही सविता की मौत हो गई। महिला की मौत से परिजन आक्रोशित हो गए नर्सिंग होम में हंगामा शुरू कर दिया, तोड़फोड़ की और डॉक्टर्स से मारपीट की कोशिश करने लगे। चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। शाम को पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनको समझाइश देकर शांत कराने का प्रयास किया लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। घटना से तनाव का वातावरण बना रहा। इसको देखते हुए अतिरिक्त बल थानों से बुलाया गया।एक्सीडेंट में घायल हुई थी महिलाउक्त महिला 7 अप्रैल को एक्सीडेंट में घायल हुई थी। वह पैदल जा रही थी, जिसको बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में महिला के पैर में गंभीर चोट आई थी। उसको उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन, परिजन अस्पताल के उपचार से संतुष्ट नहीं थे और यहां डिस्चार्ज करवाकर उसको नर्सिंग होम में लेकर पहुंचे थे।इनका कहना है सेंगर नर्सिंग होम में महिला को परिजनों ने उपचार के लिए भर्ती कराया था। उसका आपरेशन किया गया था। आपरेशन के बाद महिला की मौत पर परिजन लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर रहे है परिजनों को समझाइए देकर मामले को शांत कराया गया है मामले की जांच की जाएगी दोषियों पर कार्रवाई होगी। विकास कपीस समान थाना प्रभारी रीवा महिला के पैर की हड्डी टूटने का ऑपरेशन सुबह किया गया। दोपहर 3 बजे अचानक उसकी तबियत बिगड़ी और आधे घंटे में मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजन ने पत्थरबाजी की है। स्टॉफ के साथ झूमाझटकी की है। इलाज में कोई लापरवाही नहीं हुई।

**डॉ. मनमोहन सिंह**
अस्पताल संचालक एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ

## मऊगंज में बारिश के साथ गिरे ओले, फसलों को भारी नुकसान

### तूफानी बारिश से टूटे पेड़ पौधे, उड़े टपरे, लेकिन गर्मी से मिली राहत

**मऊगंज।** जिले मौसम दिन प्रतिदिन बदल रहा है बीते एक सप्ताह के अंदर आंधी तूफान एवं बारिश का दौर जारी है 2 दिन पूर्व ही देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में तेज बारिश के साथ ओले गिरे थे। शनिवार को मौसम साफ रहा लेकिन रविवार की सुबह अचानक आसमान में बादल कुछ इस कदर अपना रूप दिखाएं की जिले के शाहपुर खटखरी हनुमना प्रतापगंज सहित चौरासी क्षेत्र में तेज आंधी तूफान के साथ न केवल आफत रूपी बारिश हुई बल्कि बेर के आकार के ओले भी गिरे। बारिश के बीच ओले गिरने से किसानों के खेत में पककर खड़ी फसल को जहां भारी नुकसान हुआ वही खलिहान में रखी फसल भी बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है।रविवार की सुबह से ही आकाश में बादल छाए और देखते ही देखते अंधड़ भरी तूफानी हवा के बीच बूंदाबांदी चालू हुई जो झमाझम बारिश का रूप ले ली। तेज हवा के बीच करीब 1 घंटे से अधिक समय तक झमाझम बारिश हुई। बारिश के कारण बीते एक पखवाड़े से पड़ रही भीषण गर्मी से तो आम जनमानस ने राहत की सांस ली । लेकिन तूफानी बारिश से जगह जगह विद्युत तार टूट जाने के कारण कई गांव की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। वही हवा के झोंके से लोगों के खपरैल घर सहित तीन टपरे उड़ गए। बारिश के बीच गिरे ओले से खेत में खड़ी गेहूं सरसों एवं अन्य फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है इधर अचानक मौसम के करवट लेने से जहां ईट का धंधा करने वाले कारोबारियों की खुले आसमान के नीचे रखी कच्ची ईंट भीग गई तो किसानों के खलिहान में रखी फसल अनाज एवं भूसा आदि भीग गया। लपक गरज के बीच हुई बारिश एवं ओले के कारण आम महुआ की भी फसल को काफी नुकसान हुआ।

### बारिश से प्याज की फसल को भारी नुकसान



रविवार की सुबह अचानक तूफानी हवा के साथ हुई झमाझम बारिश एवं ओले गिरने से किसानों के खेत में खड़ी एवं खलिहान में रखी फसल को जहां नुकसान हुआ वही प्याज की फसल में पानी पड़ जाने के कारण भारी नुकसान होने की संभावना जताई गई है। प्याज की फसल तैयार करने वाले किसानों की माने तो प्याज की फसल के लिए खास तौर पर उस मौसम में जब प्याज लगभग तैयार होने की कगार पर हो तो इस स्थिति में यदि बारिश होती है तो प्याज की फसल को फायदा की जगह नुकसान होता है वैसे भी अधिकतर क्षेत्रों में प्याज की फसल तैयार होने की कगार पर है किसानों की माने तो हम किसानों के लिए यह बारिश आफत बनकर आई है जिससे चारो ओर नुकसान ही नुकसान है।

### किसानों के चेहरे पर खिची चिंता की लकीरें

जिला क्षेत्र में वैसे तो विगत कई दिनों से आकाश में बादल छाए हुए हैं शुक्रवार की शाम कई गांव में तेज बारिश हुई थी इधर कई दिनों से प्रतिदिन तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होती आ रही है लेकिन रविवार की सुबह अचानक आकाश में छाए बादल के बीच तेज हवा के साथ हुई बारिश एवं ओले गिरने से किसानों की खेती प्रभावित हुई है। बारिश के कारण जहां किसानों के खलिहान में रखी फसल भीग गई वहीं खेतों में कटी फसल तूफान के कारण उड़ गई। तो खलिहान में रखी फसल भीग गई। यदि मौसम का मिजाज इसी कदर चलता रहा तो किसानों की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना है। पककर तैयार फसल के बीच प्रकृति के कहर से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई है। बेमौसम हुई बारिश के कारण आलम कुछ इस कदर है कि खेत में खड़ी एवं खलिहान में रखी फसल नष्ट होने की कगार पर पहुंच चुकी है।

### जिले में आफत की बारिश गिरे ओले

प्रदेश के अन्य जिलों की तरह बेमौसम बारिश का दौर नवगठित मऊगंज जिले में भी जारी है रविवार की सुबह जिले के सैकड़ा भर गांवों में तूफानी बारिश के साथ दो दर्जन से अधिक ग्रामों में बेर के आकार के ओले गिरे जिससे किसानों के खेत में खड़ी फसल के साथ खलिहान में रखी फसल को भी नुकसान हुआ।जिले के पहाड़ी शाहपुर गौरी मांजन मानिकराम, खटखरी, पतुलखी, ओवर, हटवा, कौआढांन, शाहपुर, गौरी, वेलौही, चरैया, तेंदुआ, ढाबा, अर्जुनपुर, बिजौली, भोड़हा, बग़ैहा, बिरहा, भलुहा, धर्मपुरा, देवरा, चौहना, पटहरा, बिछरहटा, डीही, बराव, कोलहा, खैरा प्रतापगंज भुअरी सहित चौरासी क्षेत्र में बारिश एवं ओले के कारण किसानो की फसल को भारी नुकसान हुआ।

## हनुमना मे जैव विविधता पंजी निर्माण हेतु बैठक संपन्न



**मऊगंज।** जिले के जनपद पंचायत हनुमना की जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष गोविन्द नारायण तिवारी, एस.डी.एम. एवं सी.ई.ओ. श्री कमलेश पुरी, जैव विविधता प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमवती पटेल, पी.आई.डॉ. विश्वजीत तिवारी, पी.आई. प्रोफेसर स्कंद कुमार मिश्रा, बी.एम.सी. के जनपद सदस्य गणों, सहयोगी विभागों कृषि, उद्यानिकी, वन, पशु पालन, पंचायत, शिक्षा विभाग के जनपद स्तर के अधिकारियों, कर्मचारियों, जन प्रतिनिधियों गणों, ज्ञान धारकों के उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में हनुमना जनपद पंचायत की लोक जैव विविधता पंजी निर्माण हेतु चर्चा की गई। प्रोफेसर स्कंद कुमार मिश्रा ने पंजी निर्माण हेतु राज्य जैव विविधता बोर्ड से प्राप्त नवीन प्रपत्रों की जानकारी दी तथा विभागवार आंकड़े एकत्रित करने हेतु जनपद क्षेत्र के मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग हेतु चर्चा की गई। पंजी निर्माण हेतु जनपद क्षेत्र की पंचायतों के रबी, खरीफ , जायद फसलों, श्री अन्न, सब्जी, फूल,फल, वन सम्पदा ,डेयरी, गौशाला, पशु पालन, मछली पालन, वन्य जीव, जल स्त्रोतों, तालाब, पूजा स्थलों, जल प्रपात, मनोरंजन स्थल आदि के आंकड़ों को एकत्रित किए जाने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा हुई। हनुमना जनपद के सेक्टर बार उच्च जैव विविधता युक्त पंचायतों सहित वन अंचल की पंचायतों का चयन किया गया। बैठक में जनपद के जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से पंजी निर्माण हेतु उनके सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक के उपरांत स्थानीय विद्यालयों, पंचायतों का भ्रमण कर शिक्षकों , विद्यार्थियों, ग्रामीण जन, कृषकों से जैव विविधता संरक्षण पहलुओं और पंजी के निर्माण एवं महत्व पर चर्चा कर जागरूक किया गया।